तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026



4 गौ सम्मान अभियान के तहत गौ सेवकों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन






## खबर संक्षेप

### बोरवेल खनन पर लगे प्रतिबंध हटाने की मांग

**रायगढ़।** ग्रीष्मकाल में बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगाया है। जिससे बोरवेल खनन करने वाले व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं इससे जुड़े उनके श्रमिकों का भी रोजगार छिन रहा है। वहीं जरूरतमंद लोगों को बोरवेल खनन करने की अनुमति नहीं मिल पा रही है। ऐसे में व्यवसायियों ने अपनी परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराते हुए बोरवेल खनन पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। इस संबंध में अपनी समस्या लेकर पहुंचे व्यवसायियों ने बताया कि वर्तमान में आस-पास कुछ क्षेत्रों में बाहर से आने वाली गाड़ियां नियमों को ताक पर रख बोरवेल खनन कर रही है, जिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं उन्होंने शासन के आदेश के तहत अपने बोरवेल मशीनों को एक जगह पर रखा है। प्रतिबंध की वजह से काम बंद है, लेकिन इस प्रतिबंध के कारण उन्हें आर्थिक रूप से परेशानियों झेलनी पड़ रही है। उन्होंने सभी गाड़ियों को किश्त पर लिया है, काम बंद होने की वजह से हर महीने किश्त की अदायगी में परेशानी हो रही है। आलम यह है कि श्रमिकों का वेतन भी देने के लिए समस्या आ रही है। वहीं काम बंद होने के कारण उनके श्रमिक भी बेरोजगार हो गए हैं। इन्ही वजह वे बोरवेल खनन पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग कर रहे हैं।

### डीएमओ ऑफिस के सामने प्रदर्शन

**रायगढ़।** धान की खरीदी में नए बारदानों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है पर उसको भी रायगढ़ डीएमओ कार्यालय के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मापदंड से अलग हटकर घटिया स्तर के बारदानों की सप्लाई ली गई जिससे किसानों के वृहद नुक़सान हुआ तो पीड़ित किसानों ने आवाज जिला प्रशासन के समक्ष उठाई पर जिला प्रशासन की कार्रवाई से किसान अनभिज्ञ ही रहे जो कि महीने गुजर गए पर आज भी जांच मिलों दूर है। रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला आदि ने आज डीएमओ कार्यालय के सामने सांकेतिक प्रदर्शन किया। सभी ने मिली बेहद भगत कर नया बारदानों के नाम से घटिया बोरों की सप्लाई ली गई और इस बारदाने का वजन 500 ग्राम पाई गई। इन प्राप्त घटिया बारदानों के नाम से पूरे रायगढ़ जिले में 600 ग्राम धान किसानों से लिया गया मतलब कि 100 ग्राम धान ज्यादा लिया गया जिसकी शिकायत संस्था ने 20 जनवरी को कलेक्टर से किया था। 2 करोड़ 52 लाख लगभग बारदानों में धान लिया जिसका शासकीय रेट 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल था जिसमें 100 ग्राम धान की कीमत 3 रुपए प्रति बोरा और कुल नए 2 करोड़ 52 लाख बार दानों में लिया गया। मतलब लगभग 7 करोड़ 50 लाख रुपए के धान किसानों से लिया गया। पहले भी बारदानों की रकम इस कार्यालय के कर्मचारियों ने अपने पहचान के बैंक अकाउंट में डाल कर गड़बड़ी किया जब पीड़ितों ने इसकी शिकायत की तो पुलिस कार्रवाई से बचाने के लिए उनसे धीरे-धीरे वसूली कर वास्तविक पीड़ितों को दिया जा रहा है। इस कार्यालय से पिछले 8 वर्षों के नए बारदानों का रजिस्टर भी गायब है जो कि गंभीर जांच का विषय है।

### एकलव्य विद्यालय में 4 मई को इंटरव्यू

**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय धरमजयगढ़ में आगामी 4 मई को प्रातः 9 बजे से विद्यालय परिसर में वॉक.इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती सत्र 2026-27 के लिए की जा रही है, जिसमें पीजीटी के अंतर्गत रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल एवं अर्थशास्त्र विषयों के साथ.साथ टीजीटी के लिए कला शिक्षक, खेल शिक्षक और कंप्यूटर साइंस के रिक्त पदों को भरा जाएगा। सभी पदों पर नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधार पर की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई में दक्षता अनिवार्य रखी गई है, वहीं शैक्षणिक योग्यता एनईएसटीएस ईएमआरएस के निर्धारित मानकों के अनुसार होगी।

## बीते मार्च 2025 में इन दुकानों में हुई थी चावल की कमी, एक साल में नहीं हो पाई वसूली

# गरीबों का राशन दबाने वाली पीडीएस की 11 दुकानों से 23 लाख वसूली, केवल एक दुकान ने किया जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गरीबों का राशन दबाने वाले पीडीएस दुकान संचालकों से अधिकारी वसूली नहीं कर पा रहे हैं। इन दुकानों में बीते मार्च 2025 में करीब 23 लाख की गड़बड़ी सामने आई थी। इसमें से अब तक केवल एक ही दुकानदार ने राशि जमा की है। बाकी 10 दुकानदारों पर विभाग के अधिकारी मेहरबान हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 13 दुकानों में भी करीब 23 लाख के चावल कमी हुई थी। इन दुकानदारों से तो पूरी वसूली हो गई है, शहर के दुकानदार किसी न किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़े हैं। इस वजह से वसूली नहीं हो पा रही है।

बीते साल मार्च 2025 में पीडीएस दुकानों की जांच की गई थी। इस दौरान शहर के 11 पीडीएस दुकानों में चावल की हेराफेरी होने की जानकारी सामने आई थी।



ग्रामीण क्षेत्र के 13 दुकानों में इसी तरह के हालात, लेकिन हो गई वसूली

शहर के 48 वार्डों में करीब 60 दुकान संचालित है। जहां चावल की कमी हुई थी उन दुकान संचालकों को राशि जमा करने का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन अब तक किसी ने जमा नहीं की है। केवल एक दुकानदार ऐसा है जो करीब 4 लाख एक साथ जमा कर दिया है। बाकी 10 दुकानदारों से 19 लाख वसूली अभी बाकी है। अब इन दुकानदारों से वसूली होगी या नहीं इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। कारण हर दुकानदार किसी न किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ा है। ऐसे में विभाग के अधिकारियों को भी दबाव बनाते नहीं बन रहा है। इस वजह से अधिकारी वसूली नहीं कर पा रहे हैं।

### महिला समूहों के नाम पर संचालन

शहर के अधिकांश दुकान महिला समूहों के नाम पर संचालित है, लेकिन किसी भी दुकान में महिलाएं नजर तक नहीं आती हैं। अपवाद स्वरुप 10 फीसदी को छोड़ दें तो सभी दुकानों का संचालन कोई और ही कर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि यदि संयोग से कोई अधिकारी जांच में पहुंच जाते हैं तो वहां महिलाएं उपस्थित भी रहती हैं। अब यह संयोग कैसा बनता है यह तो दुकानदार और अधिकारी ही जानें। जिले के एक नगरनिगम, एक नगरपालिका और पांच नगर पंचायतों में करीब 94 दुकान संचालित हैं। इस तरह के हालात पूरे निकायों में हैं।

### गांवों में ग्राम पंचायत कर रहे संचालन

गांवों में ग्राम पंचायत ही संचालन कर रहा है। हालांकि यहां कुछ गांवों में महिला स्व सहायता समूहों का भी संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। गांवों में महिला समूह बराबर दुकानों का संचालन करते नजर आएंगे। विक्रेता भलेहि पुरुष को रखा गया हो, लेकिन महिलाएं ही संचालन करने की जानकारी मिली है।

### कॉस्मेटिक दुकानों पर जांच, नियमों के पालन के दिए निर्देश

**रायगढ़।** सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आज शहर की विभिन्न कॉस्मेटिक दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान नवीन स्टोर, पुरानी हटरी, चांवला एजेंसी हंडी चौक, मंगलचंद सत्यनारायण गद्दी चौक, रुप नगर घड़ी चौक और मोटवानी कॉस्मेटिक गौरीशंकर मंदिर रोड का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत दुकानों में क्रय.विक्रय से संबंधित रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार श्सही दवाए शुद्ध आहार. यही छत्तीसगढ़ का आधारश थीम पर 15 दिवसीय विशेष सघन जांच अभियान आज से शुरू हो गया हैए जो 11 मई तक जारी रहेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मिलावटखोरी और नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर रोक लगाना है।

## निगम के 25 व 7 एमएलडी एसटीपी बने पहले आईएसओ प्रमाणित प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम रायगढ़ के लिए यह गौरव का विषय है कि शहर के 25 एमएलडी एवं 7 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी को अंतरराष्ट्रीय स्तर का 9001, 2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही निगम के दोनों एसटीपी के नाम प्रदेश का पहला आईएसओ प्रमाणीकरण का ताज सज गया है। यह उपलब्धि निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के कुशल मार्गदर्शन, सतत निगरानी एवं टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

निगम द्वारा संचालित दोनों एसटीपी से जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणाली, जिसमें संग्रहण, उपचार ट्रीटमेंट एवं सुरक्षित निस्तारण की समस्त प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरी उतरी हैं। टीवी टावर क्षेत्र बड़े अतरमूड़ा स्थित 7 एमएलडी एसटीपी तथा बांझीनपाली स्थित 25 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट दोनों को यह प्रमाणन प्रदान किया गया है। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए एसटीपी संचालन में गुणवत्ता सुधार, नियमित मॉनिटरिंग एवं तकनीकी उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया गया। उनके निर्देशन में टीम ने निर्धारित मानकों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप यह अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन हासिल करने वाला प्रदेश का पहला आईएसओ प्रमाणित एसटीपी बना।



### आईएसओ प्रमाणन की महत्ता

आईएसओ 9001,2015 प्रमाणन किसी भी संस्था की कार्यप्रणाली में गुणवत्ता, पारदर्शिता और दक्षता का प्रतीक माना जाता है। यह प्रमाणन सेवाओं का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप होना, जल एवं अपशिष्ट जल उपचार की प्रक्रिया को सुरक्षित और प्रभावी बनाना, पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पालन करना एवं नागरिकों को बेहतर और भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध करने संबंधित पहलुओं पर खरा उतरने पर मिलता है।

## बस सर्विस दफ्तर में तोड़फोड़, कर्मचारियों से भी की मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में बदन बस सर्विस के कार्यालय में बीती रात कुछ युवक घुसे और कार्यालय में तोड़फोड़ करने के साथ ही वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट की। इस वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। जूटमिल पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बदन बस सर्विस का उपेंद्र सिंह संचालन करते हैं, बस सर्विस का कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में है। देर शाम वे अपने कार्यालय से जा रहे थे, इसी बीच करीब आधा दर्जन युवक वहां पहुंचे और कार से उतरते ही गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इसके बाद सभी युवक कार्यालय का दरवाजा तोड़ कर भीतर दाखिल हुए और विवाद बढ़ने के बाद उपेन्द्र किसी तरह से वहां से बच कर तो निकल गए, किंतु वहां मौजूद संदिग्ध युवकों ने कार्यालय में तोड़फोड़ की, जिसके बाद वहां मौजूद कर्मचारियों को घसीटते हुए बाहर निकाला और डंडे और लात घूंसों से मारपीट करने लगे। इसके बाद सभी संदिग्ध युवक मौके से फरार हो गए। मारपीट की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी युवक मौके से जा चुके थे। बदन बस सर्विस के संचालक उपेन्द्र सिंह ने बताया कि वह अपनी गाड़ी से कार्यालय आ रहे थे, तभी वहां से गुजर रही बारात में बाराती के रूप में आए कुछ युवकों ने रोड जाम कर दिया था, वे पूरी तरह से नशे में थे और उनकी वजह से रोड जाम हो रखा था। ऐसे में जब उपेन्द्र ने साइड देने की बात कही तो उक्त युवक उनसे बहस करने लगे। यही से यह विवाद बढ़ गया।



### सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

इस वारदात की फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया और फुटेज की जांच करने में जुट गई। बताया जा रहा है कि इन संदिग्धों की पहचान ग्राम धनागर के रहने वाले युवकों के रूप में हुई है। यह घटना रविवार की देर शाम की बताई जा रही है। कुछ युवकों को हिरासत में लिए जाने की भी जानकारी मिल रही है।

ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित बस सर्विस के कार्यालय में मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार आरोपियों की पहचान कर मामले की जांच करते हुए आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

**अनिल सोनी**
एएसपी, रायगढ

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे पर कार्रवाई, 6 सटोरिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में आरोपियों से 7 मोबाइल, 15 हजार 490 नकद और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से जुड़े साक्ष्य बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार साइबर और कोतवाली पुलिस ने नयागंज कोष्टापारा स्थित खादी ग्राम भंडार के पास दबिश देकर सोनू देवांगन पिता रूपेन्द्र देवांगन को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने मोबाइल से चेन्नई सुपर किंग, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले जा रहे आईपीएल मुकाबलों पर हार-जीत का ऑनलाइन सट्टा खेल रहा था और अन्य लोगों को भी खिला रहा था। जांच में उसके मोबाइल में मैच से संबंधित स्क्रीन शॉट और गूगल-पे ट्रांजेक्शन मिले। आरोपी के कब्जे से मोबाइल जब्त किया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में गद्दी चौक स्थित ए-वन कैफे के संचालक हर्षित देवांगन पिता स्व० अनन्त राम देवांगन को ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के पास से दो मोबाइल बरामद कर जब्त करने के साथ ही डिजिटल पेमेंट से लेनदेन के भी साक्ष्य मिले हैं। इसी प्रकार तीसरी कार्रवाई घरघोड़ा पुलिस और साइबर की टीम ने की है। जानकारी के अनुसार गोयल ट्रेडिंग किराना दुकान में दबिश देकर भरत गोयल पिता सुभाष गोयल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी आईपीएल मैच के दौरान हार-जीत पर लोगों से रकम लेकर ऑनलाइन जुआ खिला रहा था। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वह पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से मोबाइल जब्त किया गया। इसके अलावा घरघोड़ा पुलिस टीम ने जय स्तंभ चौक के पास एक और बड़ी रेड कार्रवाई में गौतम भोजवानी पिता श्याम भोजवानी, लक्ष्मीनारायण सिदार पिता चंदन सिंह और सागर गुप्ता पिता विनोद गुप्ता को ऑनलाइन सट्टा खेलाते पकड़ा गया। आरोपी आईपीएल मैच की हर गेंद और परिणाम पर दांव लगवा रहे थे। पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने पर तीनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। इनके कब्जे से 4 मोबाइल और 15 हजार 490 रुपये नगद जब्त किए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 तथा 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## गौ-वंश संरक्षण की मांग को लेकर गौ सेवकों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गौ-वंश संरक्षण की मांग को लेकर गौ सेवकों ने सोमवार को रैली की शक्ल में तहसील कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति सहित प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने गौ-वंशों के होने वाले भेदभाव पर रोक लगाने सहित उनके संरक्षण को लेकर सरकार की ओर से कदम उठाए जाने की मांग की है।

इस संबंध में गौसेवकों ने बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत देश व्यापी मांग की जा रही है, जिसके अनुरूप गौ-वंश के संरक्षण, उनके खान-पान, देखभाल के लिए उचित कदम उठाए जाने की मांग की जा रही है। वे तहसीलवार शासन प्रशासन से इस ओर उचित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

इस अभियान के तहत वे लोगों को गौवंशों के संरक्षण व देखभाल जागरूक कर रहे हैं। उनकी मानें तो वर्तमान में गौवंशों की जिस तरह से देखभाल करनी चाहिए और जिस तरह से उनका ध्यान रखना चाहिए वह नहीं हो रहा है। वहीं वर्तमान में गौ वंशों की स्थिति काफी दयनीय है। यही वजह है कि इस अभियान के तहत गौवंश के संरक्षण की मांग कर रहे हैं।

### एक ही बोर के भरोसे 40 परिवार, पेयजल का गहराया संकट, निस्तारी के लिए भी हो रही परेशानी

# बड़े अतरमुड़ा के माझापारा में 3 साल पहले बिछी पाइप लाइन, पानी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला प्रशासन भले ही जल जीवन मिशन के काम की पूर्णता का दावा करता हो, लेकिन कलेक्टोरेट से ही महज 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बड़े अतरमुडा के ग्राम माझापारा में करीब 3 साल पहले इस योजना के तहत पाइन लाइन को बिछा दी गई, लेकिन अब तक इन पाइपों से पानी की एक बूंद भी बाहर नहीं आ सकी। अब यह हालत है कि इतनी भीषण गर्मी में यहां निवासरत 40 परिवार एक ही बोरपंप के भरोसे हैं। इन परिवारों को पेयजल और निस्तारी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि की टीम शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल और जल जीवन मिशन के तहत किए गए कामों की स्थिति जानने पहुंची तो पता चला कि यहां करीब 40 परिवार रहते हैं, जिनके लिए करीब 3 साल पहले जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन तो बिछा दी गई। किंतु अब तक ग्रामीणों के घरों में इस पाइप लाइन से एक बूंद भी पानी इनके घरों तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में घरों के सामने लगाए गए पाइप लाइन व नल शो पीस बन कर रह गए हैं। आलम यह है कि इन 40 परिवारों को पेयजल की आपूर्ति सिर्फ एक ही बोर से होती है, जो करीब 26 साल पुराना है। बोर को पानी टंकी से कनेक्ट किया गया है, जिससे जलापूर्ति होती है। किंतु गर्मी में भू जल स्तर में गिरावट की वजह से बोर से निकलने वाली धार भी कमजोर पड़ गई है। ऐसे में ग्रामीणों को दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पेयजल की समस्या के बारे में गोलू वैष्णव, सुनील खड़िया, जयराम खड़िया और राजकुमार खड़िया ने बताया कि जब जल जीवन मिशन के तहत काम किया जा रहा था, तब उन्हें यह भरोसा दिलाया गया था, कि काम खत्म होने के बाद उनके घरों तक इन पाइन लाइनों से जलापूर्ति हो सकेगी। किंतु तीन साल बीतने के बाद भी उनके घर तक पानी नहीं पहुंच सका है।





### काम अधूरा, इसलिए पंचायत ने नहीं लिया हैंडओवर

गांव में जल जीवन मिशन के तहत होने वाला यह काम तीन साल बीतने के बाद भी आधा अधूरा ही पड़ा हुआ है, जिसकी वजह से ग्राम पंचायत हैंडओवर नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार आशीष चौबे ने यहां काम किया था, जो अब तक अधर में लटका हुआ है। जल जीवन मिशन के तहत यहां जलापूर्ति करने के लिए प्राची विहार के समीप शासकीय स्कूल प्रांगण में पानी टंकी बनाई गई है, जो शो पीस बन कर रह गई है। इस पानी टंकी से आज तक पानी की सप्लाई नहीं दी जा सकी है।

### नदी के सहारे निस्तारी

ग्रामीण बताते हैं कि गर्मी के समय भू-जल स्तर में गिरावट होने की वजह से बोर से भी काफी धीमी गति से पानी आता है, ऐसे में पेयजल के लिए जैसे तैसे पानी की व्यवस्था हो पाती है। इसके अलावा नहाने के लिए ज्यादातर ग्रामीण गांव के पीछे रह रही केलो नदी में जाते हैं। ग्रामीणों की मानें तो कई बार जल जीवन मिशन के तहत अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन सरपंच व सहित अन्य जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते ।

# टंकी है पर पानी नहीं, एक-एक बूंद के लिए तरस रहे ग्रामीण

जल जीवन मिशन की दास्तान गांव में पेयजल समस्या

महानदी के तट पर है ग्राम मोहदी


मोहदी गांव में निर्मित पानी टंकी।



### आश्रित ग्राम में समस्या

इस संबंध में ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच गोपीनाथ प्रधान ने बताया कि ग्राम मोहदी हमारे ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम है।, और यहां की आबादी करीब 700 है। यह सही है कि जल जीवन मिशन के तहत बना पानी टंकी का निर्माण हुआ है। तथा लोगों के घरों में एक बूंद पानी नहीं पहुंचा है। प्रत्येक घरों में पाइप लाइन कनेक्शन भी दी गई है। लेकिन टंकी को भरने के लिए ट्यूबवेल खनन नहीं हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों खर्च होने के बावजूद ग्रामीण इलाकों में परियोजनाएं अधूरी है। ठेकेदार के मनमानी के कारण जल जीवन मिशन की दास्तान अधूरी दिखाई दे रही है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के अंतिम छोर में बसा ग्राम मोहदी में इन दिनों पानी की समस्या बनी हुई है।

लाखों की लागत से बनी पानी टंकी शोपीस बन कर रह गई है। पानी टंकी का निर्माण 4 साल पहले हो चुका है, लेकिन ट्यूबवेल खनन नहीं होने से जल जीवन मिशन अधुरा पड़ा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि घर तक पानी नहीं पहुंचा है। गांव में पानी टंकी बनने से लोगों को घर बैठे साफ पानी मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन विगत 4 साल से ग्राम मोहदी में पानी टंकी शो पीस बनाकर रह गया है। अभी गर्मी चरम की ओर है और पानी नहीं मिलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के पंच संतोष प्रधान, महिला पंच भारती माझी, रामलाल प्रधान प्रहलाद साहू, विद्याधर प्रधान, बोधलाल प्रधान, सुरेंद्र प्रधान, प्रदीप प्रधान ने बताया कि 4 साल पहले पानी टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी को भरने के लिए ट्यूबवेल नहीं किया गया और ठेकेदार अपना काम अधूरा छोड़कर चला गया है। गांव में प्रत्येक घरों में पाइपलाइन पहुंच गई है। पानी की सप्लाई के लिए प्रत्येक घर के सामने नल स्टैंड खड़ा किया गया है, लेकिन पानी के इंतजार 4 साल से ग्रामीण कर रहे हैं। वहीं गांव के दया निधि साहू सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि हमारे गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही साथ गांव में पंचायत स्तर से पांच ट्यूब बेल भी संचालित किए गए हैं। जिसमें से तीन ट्यूबवेल बंद पड़े हैं, और दो ट्यूबवेल में ले देकर काम चला रहे हैं। इससे पेयजल एवं निस्तारी जल की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। एक मात्र तालाब में दूषित पानी होने के कारण लोग मजबूर में निस्तारी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरीए कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं पीएचई विभाग से मांग कि है की शीघ्र ही जल जीवन मिशन के तहत किए गए निर्माण कार्य को पूर्ण कराकर गांव में पेयजल की व्यवस्था जल्द से जल्द ठीक की जाए, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी।

## खबर संक्षेप

### शक्ति, संबल और समरसता का प्रतीक है धनु पूजा

**पुसौर।** पुसौर में पिछले कई वर्षों से रामलीला मंचन के साथ खासतौर पर गर्मी के महीनों में धनु पूजा का आयोजन किया जाता है। यह पूजा अब पूरे ब्लॉक के लोगों के बीच आस्था का केंद्र बन चुकी है। लोग अपनी सुविधा अनुसार इस आयोजन को कराते आ रहे हैं। इस वर्ष भी पुसौर में कई स्थानों पर धनु पूजा का आयोजन हो चुका है। इसी कड़ी में पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत के यहां यह भव्य आयोजन बीते रविवार को उनके निवास पर हुआ। कार्यक्रम में धनु पूजा की टीम श्रद्धालुओं के साथ नगर पंचायत के कई पार्षद भी मौजूद रहे। नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस पुजा में मुख्यतः भगवान राम लक्ष्मण के आयुधों को भगवान हनुमान के विग्रह के साथ एक ऊंचे स्थान पर स्थापित कर की जाती है। इस दौरान रामलीला पुस्तक में वर्णित भगवान राम लक्ष्मण की स्तुति का गायन किया जाता है। मान्यता है कि जब गायकों द्वारा पूजा के बीच इन स्तुतियों का गायन किया जाता है तो एक ऐसी दिव्य गूंज उत्पन्न होती है जो पूरे क्षेत्र में शक्ति का संचार करती है। इससे आयोजनकर्ता और इसमें शामिल लोगों में संबल व आत्मबल का विकास होते देखा गया है। आयोजन में आए हुए श्रद्धालुओं का आयोजनकर्ता द्वारा उचित सम्मान किया जाता है जिससे उनके निवास स्थान में दिव्य वातावरण के साथ आपसी भाईचारा और समरसता का भी संचार होता है। धनु पूजा को शक्ति संचय, संबल और समरसता प्रदान करने वाला आयोजन माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में होने वाली यह धनु पूजा अब पुसौर की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है।

### सारंगढ़ में 28 अप्रैल को होगा रोजगार मेला

**सारंगढ़।** कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 28 अप्रैल को शासकीय सेजेस स्कूल खेलभांठा सारंगढ़ में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। इस रोजगार मेला में शामिल होने के लिए ऑनलाईन पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला के लिए पंजीयन आवश्यक है। जिन आवेदकों ने ऑनलाईन पोर्टल में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं किया है, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के आवेदकों का इंटरव्यू लिया जाएगा। वह पोर्टल पर अपना पंजीयन कर सकते हैं। रोजगार मेला में साक्षात्कार के लिए शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की ओरिजिनल और फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज को साथ लाना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार अधिकारी रामजीत राम से मोबाइल नंबर से प्राप्त की जा सकती है। प्राइवेट कंपनी जो नौकरी देगी उनमें सुमित्रा सर्विस स्टेशन इनफन्ट आफ पूंजीपथरा थाना, ग्राम पूंजीपथरा रायगढ़, स्वतंत्र माईकोफिन प्रा. लि. नियर आफ डिग्री कालेज लोचन नगर रायगढ़, वेदान्ता स्किल स्कूल अम्बेडकर भवन रोक्टर 05 बाल्को नगर कोरबा, भिलाई दुर्ग शामिल है।

समक्ष नोटरी रायगढ (छ.ग.)
शपथ पत्र
मैं सुदेश सिंह पति सुभाष सिंह उम्र 45 वर्ष, निवासी डी.-10, रायल ग्रीन चौहान टाउन के सामने पो. मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई जिला दुर्ग(छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नांकित कथन करती हूं कि-
1. यह कि मैं उपरोक्त दर्शित पते की स्थायी निवासी हूं। 2. यह कि मेरा नाम सुदेश सिंह है उक्त नाम मेरे नाम से जारी आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मैन कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में अंकित है। तथा मेरा घरेलू नाम सुखदेवी सिंह है। 3. यह कि मेरा उपरोक्त दोनों नाम सुदेश सिंह एवं सुखदेवी सिंह मेरे ही एक ही व्यक्ति के हैं तथा दोनों नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है जिस कारण से मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों में अंकित नाम सुदेश सिंह को मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अंकित किया जाकर पढा व समझा जावे। 4. यह कि मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय आवश्यक दस्तावेजों में सुदेश सिंह पढा व समझा जाने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है
शपथकर्ता
सुदेश सिंह
सत्यापन
मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कडिका 01 से 04 मेरे स्वयं की जानकारी से सही व सत्य है जिसे पढकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
रायगढ दिनांक- 27/04/2026
सत्यापनकर्ता
सुदेश सिंह

# लायब्रेरी का निर्माण पूरा करोड़ों का हो रहा काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर में विकास कार्यों की झड़ी लग गई है जिसमें लाइब्रेरी बनकर तैयार है। वहीं 20 करोड़ से अधिक के काम जारी है। पुसौर मुख्यालय में इन दिनों विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की पहल से नगर पंचायत क्षेत्र में ही पिछले करीब साढ़े तीन सालों में 20 करोड़ से अधिक के विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई काम पूरे हो चुके हैं और जनता उनका लाभ भी लेना शुरू कर चुकी है।

एक करोड़ की लागत से बनी अत्याधुनिक लाइब्रेरी नगर पंचायत कार्यालय पुसौर के सीएमओ ललित साहू के मुताबिक बोरोडीपा के कॉलेज रोड में लगभग एक करोड़ की लागत से 5000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी बनकर तैयार हो गई है। भूतल पर पार्किंग की सुविधा है। लाइब्रेरी में स्थायी बिजली व इंटरनेट सुविधा वातानुकूलित कक्ष और पेयजल की व्यवस्था रहेगी। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी आकर सुविधा का लाभ ले सकेंगे और अपना मुकाम हासिल कर सकेंगे। श्री चौधरी के नवीन सोच और कारगर प्रयास द्वारा रजिस्ट्री कार्यालय की स्थापना से बड़ी राहत मिल रही है। पुसौर में हुए महत्वपूर्ण कार्यों में रजिस्ट्री कार्यालय की स्थापना प्रमुख है। अब लोगों को रजिस्ट्री के लिए रायगढ़ नहीं जाना पड़ता। वित्तमंत्री ओपी चौधरी जब भी पुसौर या क्षेत्र में आते हैं खाली हाथ नहीं आते। कुछ न कुछ सौगात देकर ही जाते हैं। इसी का नतीजा है कि नगर पंचायत क्षेत्र में करोड़ों के काम चल रहे हैं। 14 करोड़ से अधिक के कार्य प्रगति पर है। पुसौर में चल रहे विकास कार्यों में बोरोडीपा रोड किनारे साढ़े 6 लाख का प्रतीक्षालय 15वें वित्त से 1.5 लाख लीटर क्षमता वाली 41 लाख रुपए की पानी टंकी, महादेव तालाब में 3 लाख लीटर क्षमता की 75 लाख की पानी टंकी, बोरोडीपा कृषि कार्यालय के बगल में 3 लाख लीटर की 75 लाख की पानी टंकी, हाउसिंग कॉलोनी में 10 लाख का शेड निर्माण, हाई स्कूल में 20 लाख का स्टील शेड निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा सभागार भवन, लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला भवन 60 लाख में, बोरोडीपा चौक से कॉलेज तक नाली एवं बीटी रोड निर्माण 4 करोड़ में, चंदन तालाब सौंदर्यीकरण 2 करोड़ में, पुष्प वाटिका निर्माण 2 करोड़ 92 लाख में, रानी सागर तालाब सौंदर्यीकरण 46 लाख में, पशु हॉस्पिटल से गांधी चौक तक नाली व सीसी रोड निर्माण 50 लाख में कराया जा रहा है। हर वार्ड में बन रही पानी टंकीः पुसौर में पेयजल की समस्या को देखते हुए वित्तमंत्री चौधरी ने प्रत्येक वार्ड में ढाई और 3 लाख लीटर की पानी टंकियां बनवाने का निर्णय लिया है। बाजार चौक वाली टंकी और जनपद के बगल की टंकी बनकर तैयार हो चुकी है। सभी टंकियां बनने के बाद इनमें महानदी जल आवर्धन योजना या नलकूपों से पानी भरकर सप्लाई की जाएगी। गौरव पथ निर्माण और नहरों में स्थायी रूप से पानी की व्यवस्था दिए जाने की तैयारी है। बताया जाता है कि बोरोडीपा से बाजार तक गौरव पथ का निर्माण होना है। इसी तरह केलो नहरों में पानी की स्थायी सुविधा दिलाने की तैयारी चल रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिल सकेगी।

### सेवा उत्सव के तहत स्कूल का हुआ कायाकल्प, पेंटरों ने किया श्रमदान



**बिलाईगढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह बिलाईगढ़ में इंडिगो पेंट्स लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सेवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत आसपास के 50 से अधिक पेंटरों ने श्रमदान कर स्कूल भवन का रंग रोगन कर उसे नया रूप प्रदान किया। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर कृष्णा बोरवेल्स पंप एंड हार्डवेयर, बिलाईगढ़ का विशेष सहयोग रहा। उनके सहयोग से आवश्यक सामग्री एवं संसाधन उपलब्ध कराए गए, जिससे कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सका। इस दौरान स्कूल के प्रधान पाठक सहित इंडिगो पेंट्स के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर विद्यालय को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने में योगदान दिया। विद्यालय के नए रंग रूप से छात्र छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

# आईएएस पूर्वा अग्रवाल ट्रेंनिग में जाने से पूर्व कुटुंबजनों से मिलने पहुंची, लिया आशीर्वाद

**खरसिया।** नाहरिवाल परिवार की होनहार बिटिया आईएएस पूर्वा अग्रवाल प्रशिक्षु के तौर पर कार्य करने के पूर्व अपने कुटुंब परिवार से मिलने एवं बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने अपने माता पिता के साथ खरसिया पहुँची।

डॉ मोहनलाल अग्रवाल व अनिता अग्रवाल की पुत्री पूर्वा अग्रवाल ने 2025 के यूपीएससी परीक्षा परिणाम में 65वीं रैंक हासिल कर पूरे देश का ध्यान अपनी और खींचा था और देश भर से इनको बधाईयां मिल रही थी। इससे पहले यूपीएससी सीएसई 2023 में वे आईपीएस चयनित होने पर इनको छत्तीसगढ़ कैडर मिला था। इनको 2023 में 189वीं रैंक मिली थी। लगातार दो बार सफलता प्राप्त करना पूर्व की मेहनत और समर्पण को दर्शाता है। आपको बता दे पूर्वा अग्रवाल प्रशिक्षु आईएएस को झारखंड कैडर प्राप्त हुआ है। इन्होंने हिमाचल प्रदेश के मैसूर में लाल बहादुर एकेडमी में नौ माह की ट्रेनिंग पूरी की ये झारखंड राज्य में प्रशासनिक अकादमी में एक वर्ष की आईएएस की ट्रेनिंग लेने के पश्चात ये फिर रांची में लगभग दो माह के लिए ट्रेनी के तौर पर कार्य करेगी उसके बाद हजारीबाग जिले के अलग अलग विभाग में प्रशिक्षु के तौर कार्य करेंगी। सभी कुटुम्बियों ने पूर्वा और इनके माता पिता मोहनलाल अग्रवाल व अनिता अग्रवाल को बधाई दी और नाहरिवाल परिवार का नाम पूरे देश मे रौशन करने पर प्रसन्नता जाहिर की जिसमे प्रमुख रूप से शंकर अग्रवाल, गोपी राम अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, वासुदेव अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, प्रहलाद बंसल, रजत बंसल, प्रमोद अग्रवाल राजेश बोडू, आदित्य मोंटी, राजू अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल, विनय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, गगन अग्रवाल, आर्यन अग्रवाल, गिन्नी देवी, उषा देवी, ममता अग्रवाल, रूपा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सचिता अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, तन्वी अग्रवाल, बबली अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, निमा अग्रवाल, शानू अग्रवाल मौजूद रहे।



# सुर्री में सामाजिक समरसता की मिसालः मीनाक्षी



**पुसौर।** ग्राम सुर्री में रविवार को आयोजित एक विवाह समारोह सामाजिक एकता और बेटियों के सम्मान का प्रतीक बन गया। गांव के महेत्तर सिदार की सुपुत्री वेदमती के विवाह में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती मीनाक्षी टेकलाल नायक ने कन्यादान की रस्म निभाई। सरपंच के हाथों कन्यादान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गांव ने एक बार फिर बेटियों के प्रति अपने स्नेह और सम्मान को दर्शाया। मंगल गीतों के बीच निभाई गई रस्मविवाह के शुभ मुहूर्त में ढोल नगाड़ों और मंगल गीतों के बीच सरपंच मीनाक्षी नायक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कन्यादान किया।

उन्होंने कहा बेटियां पूरे गांव की साझी होती हैं। वेदमती के विवाह में कन्यादान करना मेरे लिए सौभाग्य और गर्व की बात है। यह परंपरा समाज में समरसता और बेटियों के सम्मान को मजबूत करती है। जनप्रतिनिधि से लेकर वरिष्ठजन रहे उपस्थितः इस अवसर पर ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मोगरा नायक पंच श्रीमती प्रभा सिदार उपसरपंच सुरेंद्र कुर्रे पूर्व उपसरपंच एवं पंच खिरसागर नायक पंच अजीत यादव ग्राम सचिव शैलेंद्र गोयल तथा कोडातराई पंचायत सचिव टेकलाल नायक विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही गांव के वरिष्ठ नागरिक बालमुकुंद चौधरी अश्विनी नायक, चिनीलाल सिदार, सत्यानंद नायक, जागेश्वर सिदार, गंगाधर कुर्रे, फागूलाल नायक, भोजराम पटेल, दिनेश नायक, कैलाश पटेल, लोचन यादव, प्रेमशंकर सिदार, संतोष कुर्रे, खगेश्वर कुर्रे, गिरधारी पटेल, मुनू नायक, गजानंद नायक, दिनमणि पटेल एवं आनंदराम पटेल ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देकर उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। एकजुट दिखा पूरा गांवविवाह समारोह में पंच.सरपंच से लेकर बुजुर्गों और युवाओं तक ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# एनटीपीसी लारा में जीईएम प्रतिभागियों के लिए स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एनटीपीसी लारा ने अपनी प्रमुख सीएसआर पहल बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026' जीईएम 2026 के तहत, भाग लेने वाली लड़कियों के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसके साथ ही, एनटीपीसी लारा ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर से दोहराया है।

यह चिकित्सा शिविर जीईएम कार्यक्रम शुरू होने से पहले आयोजित किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी प्रतिभागी चिकित्सकीय रूप से पूरी तरह स्वस्थ हैं और आगामी शिक्षण एवं विकास की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस वर्ष स्थानीय बालिकाओं को ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं को इस कार्यक्रम का लाभ देने के लिए 40 से बढ़ाकर 90 किया गया है। इस शिविर के हिस्से के तौर पर, प्रतिभागियों की गहन चिकित्सा जाँच की गई। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी प्रतिभागी अच्छे स्वास्थ्य में हों और कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाने के लिए शारीरिक रूप से तैयार हों। इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जाँचें शामिल थीं, जिनमें कद, वज़न, आँखों की रोशनी और समग्र शारीरिक मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों को कवर किया गया।

KALDA HOSPITAL कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# गौ सम्मान अभियान के तहत गौ सेवकों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**सरिया।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ संरक्षण को केंद्रीय कानून की मांग को लेकर देश भर में आज 27 अप्रैल को गौ सेवकों के माध्यम से एक बड़ा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौ संरक्षण के लिए केंद्रीय कानून की मांग को लेकर है। इसी के तहत आज सोमवार को देशभर में एक साथ यह अभियान आयोजित किया गया है।

गौ रक्षा वाहिनी के सरिया तहसील के अध्यक्ष त्रिलोक स्वर्णकार मुन्ना ने बताया कि देशभर के साधु संतों के सानिध्य में गौ सेवक सेविकाए, गौ पालक, समाज सेवी, समाज प्रमुख, व्यापारी वर्ग एवं एनजीओ प्रतिनिधि और आम नागरिक आज 27 अप्रैल सोमवार को पूरे भारत वर्ष की 5000 से अधिक तहसीलों में एक साथ प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक तहसील में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया में भी सुबह 11 बजे नगर के अटल चौक स्थित भगवान श्री हनुमान के मंदिर में सभी गौ सेवक एकत्र हुए। इसके बाद हनुमान की पूजा अर्चना के पश्चात गौ माता की पूजा अर्चना कर व गौ माता को फूल माला पहनकर शांतिपूर्ण भजन कीर्तन के साथ गौ भक्तों के द्वारा यात्रा निकाली गई।

तहसील कार्यालय में 5000 गौ सेवकों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र तहसीलदार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया। आयोजकों के अनुसार यह अभियान गौ वंश के सम्मान और संरक्षण को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक गौ सेवको ने अपना समर्थन देते हुए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा एवं गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ संरक्षण को केंद्रीय कानून की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा गया है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार, भागवत आचार्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी, तुलसी रामायण समिति के अध्यक्ष गणेश सिंघल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक शामिल थे।



### अवैध उत्खनन करते पोकलेन मशीन जब्त

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम बेलटिकरी एवं छपोरा क्षेत्र में राजस्व विभाग एवं खनिज अमला द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम छपोरा में गौण खनिज पत्थर के अवैध उत्खनन में संलिप्त पोकलेन मशीन पर नियमानुसार जप्ति एवं सुपुर्दी की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। अवैध रेत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्रवाई की गई है।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त